हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 23 फरवरी 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 कबीर गायकों व सूफी कलाकारों ने बांधा समां...



07 सुदामा चरित्र सुनकर श्रद्धालुओं की आंखों से...



## खबर संक्षेप में

### गुरु भगवंतों का मंगल प्रवेश आज

**नलखेड़ा।** श्री जैन श्वे.मूर्तिपूजक श्रीसंघ नलखेड़ा में आचार्य विश्वरत्न सागर म.सा के शिष्य कीर्तिरत्न सागर म.सा., शौर्यरत्नसागर म.सा., सिद्धरत्नसागर म.सा., देवधीरत्नसागर म.सा., गीतार्थरत्नसागर म.सा. परमांशरत्नसागर म.सा. ठाणा 6 का मंगल प्रवेश सोमवार को नगर में होगा। स्थानीय समाजजनों द्वारा सोमवार को प्रातः 8:30 बजे शिवाजी चौराहा से नगर में चल समारोह निकाला जाएगा। स्थान स्थान पर समाज जनों द्वारा गुरु भगवंतों की अगवानी कर गहूली की जाएगी।

### जिला बाल कल्याण समिति की बैठक 23 को

**नलखेड़ा।** मिशन वात्सल्य (समेकित बाल संरक्षण योजना) के प्रभावी क्रियान्वयन, समीक्षा एवं विभागीय समन्वय के उद्देश्य से जिला बाल कल्याण समिति की बैठक कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में 23 फरवरी को आयोजित होगी। बैठक टीएल बैठक बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी।

### स्वच्छता कार्यक्रम व डिजिटल सशक्तिकरण पर व्याख्यान

**नलखेड़ा।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर के प्राचार्य डॉ जीसी गुप्ता के मार्गदर्शन में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने ग्राम मैना में श्रमदान करते हुए नालियों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ पर्यावरण के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया। शिविर के अंतर्गत आयोजित बौद्धिक सत्र में डिजिटल सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान रामकुमार अंजोरिया ने दिया। उन्होंने डिजिटल तकनीक के उपयोग, ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी तथा सुरक्षित इंटरनेट प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक एनएसएस गीत प्रस्तुत कर वातावरण को प्रेरणादायक बनाया। शिविर की गतिविधियों की जानकारी कार्यक्रम अधिकारी काशीराम प्रजापति ने प्रदान की।

### जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 1297 से बढ़कर 1367 हुई मतदान केंद्रों की संख्या

# एसआईआर: जिले में 9.97 लाख मतदाता, आष्टा में सबसे ज्यादा, मतदान केंद्रों में बुधनी अव्वल

मतदान के दिन अब लंबी कतारों और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। जिले में पहले कुल 1257 मतदान केंद्र थे। 110 नए केंद्र जोड़ते हुए इनकी कुल संख्या 1367 कर दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**कहां कितने मतदाता**

- आष्टा: 2,82,058 मतदाता
- बुधनी: 2,74,509 मतदाता
- इछावर: 2,27,640 मतदाता
- सीहोर: 2,13,639 मतदाता
- थर्ड जेंडर: कुल 22 मतदाता

जिला निर्वाचन कार्यालय ने शनिवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के मार्गदर्शन में जारी हुई इस नई सूची में कई रोचक आंकड़े सामने आए हैं। इस बार के 'वोटर मीटर' ने बता दिया है कि जिले में सियासी बिसात बिछाने वाले योद्धाओं को अब 9 लाख 97 हजार 846 मतदाताओं का भरोसा जीतना होगा। आंकड़ों के अनुसार जिले की आष्टा विधानसभा 2 लाख 82 हजार 058 मतदाताओं के साथ जिले में नंबर वन पर है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि जहां सबसे ज्यादा वोटर आष्टा में हैं, वहीं मतदान केंद्रों के मामले में बुधनी विधानसभा सबसे आगे निकल गई है। मतदाताओं की सुगमता के लिए प्रशासन ने बुधनी में सबसे अधिक 390 मतदान केंद्र बनाए हैं।



#### 110 नए केंद्र बनाए

मतदान के दिन अब लंबी कतारों और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। जिले में पहले कुल 1257 मतदान केंद्र थे। प्रशासन ने इस बार 110 नए केंद्र जोड़ते हुए इनकी कुल संख्या 1367 कर दी है। विधानसभावार देखें तो आष्टा में 375, इछावर में 308 और सीहोर में 294 केंद्र निर्धारित किए गए, जबकि सबसे ज्यादा बुधनी में 390 मतदान केंद्र बनाए हैं।

#### स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में प्रकाशन

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने सभी राजनैतिक दलों को इस महा.पुनरीक्षण की बारीकियां समझाईं। बैठक में भाजपा से आशीष पचौरी, कांग्रेस से घनश्याम यादव व विवेक राठौर, बसपा से एनपी सागर और आम आदमी पार्टी से चेतन कुमार वास्तवार मौजूद रहे।

#### सूची पूरी तरह शुद्ध

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस बार सूची को पूरी तरह शुद्ध किया गया है। गहन जांच के माध्यम से उन नामों को हटाया गया जो अपात्र थे या जो अब उस क्षेत्र में नहीं रहते। साथ ही उन युवाओं और पात्र नागरिकों को जोड़ा गया है जो पहली बार अपने वोट की ताकत का इस्तेमाल करेंगे।

#### 'आधी आबादी' अभी भी पीछे

जागरूकता अभियानों के बावजूद एक बड़ी विडम्बना सामने आई है। जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 5 लाख 17 हजार 850 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 4 लाख 79 हजार 974 पर सिमट गई है। यानी 1000 पुरुषों के मुकाबले जिले में केवल 927 महिला मतदाता ही दर्ज हैं। हालांकि सीहोर विधानसभा इस मामले में बेहतर है, जहां जेंडर रेशियो 946 है।

## आज से स्टेशन पर रुकेंगी अहमदाबाद और बांद्रा एक्सप्रेस, सांसद और विधायक दिखाएंगे हरी झंडी

### सीहोर को रेलवे की बड़ी सौगात

**सीहोर।** शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए रेलवे ने सीहोर स्टेशन पर दो प्रमुख ट्रेनों अहमदाबाद-गोरखपुर और बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी दे दी है। कल यानी 23 फरवरी को भोपाल सांसद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय अन्य अतिथियों के साथ सीहोर स्टेशन पर इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर ठहराव का शुभारंभ करेंगे।





### ट्रेनों का समय और शेड्यूल

गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस (19490): यह ट्रेन 23 फरवरी को शाम 5.28 बजे सीहोर आएगी और 5.30 बजे रवाना होगी।

अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस (19489): यह ट्रेन 24 फरवरी से रोजाना शाम 7.14 बजे सीहोर पहुंचेगी।

बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस (19091): यह ट्रेन 23 फरवरी को शाम 7.14 बजे सीहोर स्टेशन पर रुकेगी।

गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस (19092): यह ट्रेन 24 फरवरी से शाम 5.28 बजे सीहोर स्टेशन पर आएगी।

रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि यात्री समय सारिणी की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट या रेल मदद ऐप के माध्यम से ले सकते हैं। बता दें इन ट्रेनों के रुकने से अब सीहोर के यात्रियों को गुजरात और उत्तर प्रदेश की यात्रा करने में काफी आसानी होगी।

### सब्जियों की बोवनी, 15 मार्च तक का समय सही

**सीहोर।** ग्रीष्मकालीन सब्जियों की बोवनी का यह उपयुक्त समय चल रहा है। बोवनी 15 मार्च तक कर सकते हैं। ग्रीष्मकालीन सब्जियों लौकी, कद्दू, करेला, तोरई, खीरा, टिंडा की बुवाई का यह उपयुक्त समय है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इनके लिए बलुई दोमट मिट्टी उपयुक्त होती है।

### सात दिवसीय भागवत कथा का समापन, श्रद्धालुओं को प्रसादी का किया वितरण

**सीहोर।** ग्राम लसूडिया खास में जारी सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन के अवसर पर भव्य रूप से भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। दशनामी गोस्वामी परिवार और समस्त ग्रामवासी लसूडियाखास के संयोजक पंडित ओम गिरी महाराज आदि शामिल थे। सात दिवसीय कथा के दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। इस संबंध में मोहन गोस्वामी ने बताया कि यहां पर भगवान शिव का मंदिर का निर्माण किया गया है। कथा के अंतिम दिवस भगवान श्री कृष्ण और भक्त सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के अंतिम दिन पंडित संजय गोस्वामी ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म, कपिल संवाद का प्रसंग सुनाया। शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वनों में काफी दूर चले गए। उनको प्यास लगी, पास में समीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले ऋषिवर मुझे पानी पिला दो मुझे प्यास लगी है, लेकिन समीक ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि इसने मेरा अपमान किया है मुझे भी इसका अपमान करना चाहिए। उसने पास में से एक मरा हुआ सर्प उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने नदी का जल हाथ में लेकर शाप दे डाला जिसने मेरे पिता का अपमान किया है आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी आएगा और उसे जलाकर भस्म कर देगा।

### नलखेड़ा मंडल के सभी मतदान केंद्रों पर कार्यक्रम को देखा व सुना

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजनों द्वारा सुना गया। रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नलखेड़ा मंडल के सभी मतदान केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131 वें संस्करण को सुना गया। इस दौरान सभी स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आमजन भी उपस्थित थे। भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा सहित अन्य पार्टी नेताओं द्वारा भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ देखा व सुना गया। इसी के साथ नगर के अन्य बूथ तथा ग्रामीण अंचल के बूथ पर भी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को टेलीविजन पर देखा तथा सुना गया।

### महिला मोर्चा ने सुनी मन की बात

नगर के बूथ क्रमांक 189 वार्ड क्रमांक 15 पर मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका जैन मंडल महामंत्री सीमा बैरागी, समाज सेविका रोड़ी बाई, सरिता बैरागी बादाम बाई व रेखा विश्वकर्मा आदि उपस्थित महिलाओं द्वारा देखा एवं सुना गया। मन की बात कार्यक्रम नलखेड़ा मंडल के बूथ क्रमांक 206 पर भी सुना गया। जिसमें भाजपा जिला मंत्री मीना स्वर्णकार, जिला महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा साक्षी सकलेचा, सरिता कुंभकार और भाजपा कार्यकर्ता बहने उपस्थित रहे।





## मौसम बदला: श्यामपुर, आष्टा और जावर में हुई बारिश

**सीहोर।** जिले में पिछले तीन दिनों से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। दो दिन की गर्मी के बाद परसों से रुक-रुक कर रिमझिम बारिश हो रही है। बुधवार को जिले का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले चार दिनों से तापमान 11 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में मौसम का मिजाज पहले सप्ताह से काफी अलग है। पहले सप्ताह में जहां घना कोहरा और कड़ाके की ठंड थी, वहीं दूसरे सप्ताह में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। तीसरे सप्ताह की शुरुआत में तेज धूप के कारण दोपहर में गर्मी महसूस होने लगी थी, लेकिन परसों रात से मौसम ने फिर करवट ली। बुधवार सुबह 9 बजे तक सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाईं, क्योंकि आसमान में घने बादल छाए हुए थे। परसों रात से लेकर मंगलवार और बुधवार सुबह भी रिमझिम बारिश हुई, जिससे सुबह के समय ठंड का अहसास हुआ। जिले में हुई बारिश के आंकड़ों के अनुसार, श्यामपुर में 1.3 मिलीमीटर, आष्टा में 4.0 मिलीमीटर और जावर में 3.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। पिछले कुछ दिनों का न्यूनतम तापमान इस प्रकार रहा है। 10 फरवरी को 12 डिग्री सेल्सियस, 11 फरवरी को 14 डिग्री सेल्सियस, 12 फरवरी को 15 डिग्री सेल्सियस, 13 फरवरी को 13 डिग्री सेल्सियस, 14 फरवरी को 16 डिग्री सेल्सियस, 15 फरवरी को 15 डिग्री सेल्सियस, 16 फरवरी को 18 डिग्री सेल्सियस, 17 फरवरी को 19 डिग्री सेल्सियस, 18 फरवरी को 15 डिग्री सेल्सियस, 19 फरवरी को 11 डिग्री सेल्सियस, 20 फरवरी को 12 डिग्री सेल्सियस और 21 फरवरी को 11 डिग्री सेल्सियस रहा।



## वार्ड वासियों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यकम को सुना



**कानड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 131वें मन की बात संस्करण को भाजपा जिला मंत्री कविता आशीष शर्मा एवं कानड़ बूथ अध्यक्ष 275 देवीसिंह आर्य द्वारा वार्ड क्रमांक 13 बूथ क्रमांक 275 पर वार्डवासियों के साथ सुना और देखा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने समस्त डिजिटल खाता धारकों को जागरूक रहने संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा कि सभी खाताधारकों को किसी भी प्रकार की ओटीपी कभी भी किसी को नहीं बताना चाहिए, साथ ही अपने पासवर्ड भी समय-समय पर रिसेट करना चाहिए। विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने प्रधानमंत्री ने कहा कि समय-समय पर विद्यार्थी अपने शिक्षकों और अपने परिवारजनों से सभी विषयों पर चर्चा अवश्य करें इससे आपको मार्गदर्शन मिलेगा एवं तनाव से मुक्ति भी मिलेगी। मन की बात कार्यक्रम के बाद जिला मंत्री कविता शर्मा ने उपस्थित लोगों से बजट पर चर्चा की।

### प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए

## सोयत महाविद्यालय में पौधारोपण तकनीक व नर्सरी विकास पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सुसनेर अनुविभाग अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत इको क्लब के नेतृत्व में पौधारोपण तकनीक एवं नर्सरी विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश बंसिया ने की।

कार्यशाला में कृषि विस्तार अधिकारी अंकित मालवीय (सुसनेर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इको क्लब प्रभारी डॉ. वीरेंद्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अपने उद्बोधन में मालवीय ने कायिक प्रवर्धन के माध्यम से उन्नत किस्म के पौधों के उत्पादन की जानकारी दी तथा इसकी विभिन्न विधियों ग्राफ्टिंग, लेयरिंग आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने भूमि की उर्वरता बनाए रखने जैविक खाद के महत्व एवं उपयोगी तरीकों को भी समझाया।



प्राचार्य डॉ. महेश बंसिया ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से विद्यार्थी न केवल स्वयं प्रशिक्षित होते हैं, बल्कि अपने परिवार एवं समाज तक उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी भी पहुंचाते हैं। वहीं डॉ. विक्रम विश्वकर्मा ने कार्यशाला को कृषि क्षेत्र के लिए उपयोगी एवं व्यवहारिक बताया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश पाटिल ने किया तथा हर्षवर्धन राठौर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### स्थानांतरण पर दी विदाई

## मंडी निरीक्षक के उच्च पद पर पदोन्नति पर सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कृषि उपज मंडी नलखेड़ा में सहायक उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत संतोष भिलाला को मंडी बोर्ड भोपाल द्वारा मंडी निरीक्षक के उच्च पद पर पदोन्नति कर उन्हें कृषि उपज मंडी नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ में स्थानांतरण कर पदस्थ किया है। उच्च पद प्रभार दिए जाने पर आयोजित विदाई समारोह में भिलाला को साफा बांधकर, शॉल श्रीफल व बगलामुखी माता का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। विदाई समारोह में विधायक प्रतिनिधि हिन्दूसिंह चांदना, मंडी सचिव राजेंद्र कुमार शर्मा एवं समस्त मंडी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सीता श्रीवास्तव बनीं महिला जिला अध्यक्ष



**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की प्रदेश अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव की अनुशंसा पर सीता श्रीवास्तव की सामाजिक सक्रियता, कर्मठता, मधुर व्यवहार एवं कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों ने पुनः सीता श्रीवास्तव को देवास जिला की महिला जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सदस्यों एवं स्नेहीजनों ने श्रीमती श्रीवास्तव को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। पूर्ण विश्वास है कि सीता श्रीवास्तव अपनी कार्य कुशलता ,संगठन शक्ति से समाज को नए आयाम प्रदान करेंगी।

### सर्व समाज के 121 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

**देवास।** सर्व सामाजिक विकास संस्था द्वारा 121 जोड़ों के विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं भगवान श्री देवनारायण की भव्य कथा का आयोजन 30 मार्च से 5 अप्रैल तक किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कावेरी पार्क, उज्जैन रोड, सिंगावदा (देवास) में होगा। इस संबंध में संस्था की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्था अध्यक्ष आलोक पायलट ने उपस्थित पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए वर-वधु को प्रदान की जाने वाली सामग्री की जानकारी दी और आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। संस्था सचिव हुकुम सिंह पवार ने सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी तथा विवाह स्थल का निरीक्षण कर टेंट, भोजन व्यवस्था, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विवाह पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च तय की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जुगल किशोर राठौड़, आलोक पायलट, हुकुम सिंह पवार, रामलाल चौहान, कैलाश पांचाल, परमजीत सिंह, मान जितेंद्र सिंह पवार, अर्जुन डोरिया, गोपाल परमार, अनिल पटेल, अजय राठौर, अशोक यादव, सुरेश चौहान, बाबूलाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

### मालवा कबीर यात्रा देवास पहुंची, शीलनाथ धुनी पर गूंजे निर्गुण भजन

# कबीर गायकों व सूफी कलाकारों ने बांधा समां, उमड़ा कबीर प्रेमियों का सैलाब

देश-विदेश से आए कबीर प्रेमियों ने भजन-सत्संग में लिया आध्यात्मिक आनंद। वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और भक्तिमय हो गया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मालवा की सांस्कृतिक धरती पर संत वाणी की अनुगूंज उस समय सुनाई दी जब मालवा कबीर यात्रा का पड़ाव देवास में हुआ। यात्रा के तहत शहर के प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल शीलनाथ धुनी पर भजन-सत्संग का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के कबीर गायक और विदेशों से आए कबीरपंथी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर संत कबीर की वाणी का रसपान किया।जानकारी देते हुए रोशन रायकवार ने बताया कि 19 से 22 फरवरी तक चल रही मालवा कबीर यात्रा का आज सुबह का पड़ाव शीलनाथ धुनी पर रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कबीर प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे परिसर में संत कबीर के निर्गुण भजनों और सत्संग की गूंज सुनाई दी, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मालवा के प्रसिद्ध कबीर गायक प्रहलाद सिंह टिपाणिया के सुमधुर भजनों से हुआ। उन्होंने संत कबीर की वाणी का भावार्थ बताते हुए कहा कि कबीर ने मानवता, समानता और सादगी का संदेश दिया है। जो व्यक्ति धर्म-संप्रदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर कबीर के विचारों को अपने जीवन में अपनाता है, वह निश्चिंत और चिंतामुक्त जीवन जी सकता है।इसके बाद राजस्थान से आए सुप्रसिद्ध सूफी गायक मीर मुख्तियार अली ने 'नेहरवा हमको न भावे' और 'मन लागयो मेरो फकीरी में' जैसे प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति के दौरान श्रोताओं ने भी भजनों के साथ स्वर मिलाए और पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया।कच्छ (गुजरात) के लोक कलाकार मुरालाल मेरवाड़ा ने अपनी विशिष्ट लोक शैली में संत कबीर की अरदास प्रस्तुत की, जबकि पाली (राजस्थान) से आए हेमराज जी ने गुरु वंदना के माध्यम से गुरु की महिमा का वर्णन किया। कार्यक्रम में लखनऊ के प्रसिद्ध किस्सागो कलाकार हिमांशु वाजपेयी ने महान गायक कुमार गंधर्व को स्मरण करते हुए बताया कि उनका शीलनाथ धुनी से गहरा आत्मीय संबंध रहा है और उन्होंने कबीर भजनों को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।कलाकार वेदांत भारद्वाज ने 'हम परदेसी पंछी बाबा' की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं कोलकाता से आए कलाकार ने 'गुरु सब ही जगह तू ही तू है' भजन सुनाकर गुरु महिमा का गुणगान किया।कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, पूर्व महापौर रेखा वर्मा, गुरुचरण सलूजा, पंडित रितेश त्रिपाठी, भगवान सिंह चावड़ा, विजय श्रीवास्तव, मोहन वर्मा, संदीप नाईक, नंदकिशोर पोरवाल, प्रो. बी.एस. मालवीय, पार्षद श्याम पटेल, धीरज कल्याने, दिलीप सिंह बजेपुर, ईश्वर हरोड़े, श्रीमती मंजुला रायकवार, मुकेश सोलंकी, राजेश अरवाल मंडोर, दीपक रालोती, अर्जुन चौहान, तेजराम मालवीय, महेंद्र सिंह, जीवन सिंह पटेल, जय सिंह चोपदार, अविनाश जेठवा, प्रणव सोलंकी, राजेश मंडोरिया, प्रेमलता वर्मा, सुभाष वर्मा, गिरीश महाराज, धर्मेंद्र टिपानिया सहित बड़ी संख्या में कबीर प्रेमी उपस्थित रहे।

# दो दिन में बालिका नहीं मिली तो चापड़ा चौराहे पर चक्काजाम की चेतावनी

### एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

एक तरफ पुलिस अधीक्षक महिलाओं से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेने की बात कर रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर पुलिस तंत्र की लापरवाही सामने आती दिखाई दे रही है। बागली थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग बालिका का 14 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे परिजनों और समाजजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।इसी मामले को लेकर शुक्रवार को बालिका के पिता ने बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द बालिका को खोजने की मांग की।परिजनों अनुसार 9 फरवरी की रात करीब 12 बजे 13 वर्षीय बालिका घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। घटना के बाद इसकी रिपोर्ट कमलापुर थाना में दर्ज कराई गई थी, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक बालिका का कोई पता नहीं लगा सकी है।परिवार का आरोप है कि इस दौरान उनके घर पर कई बार गुमनाम फोन कॉल भी आए थे। इन कॉल की रिकॉर्डिंग भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई, लेकिन इसके बावजूद अब तक किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं की गई है।ज्ञापन में बालिका के पिता ने कहा कि उनकी नाबालिग बेटी 14 दिनों से लापता है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई से वे संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बालिका का पता नहीं लगाया गया तो सोमवार से आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।इस संबंध में पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा प्रभारी राकेश चौहान से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# राठौड़ को नेपाल में मिला 'मातृभाषा रत्न' अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



मध्यप्रदेश के देवास निवासी सुप्रसिद्ध तार्किक लेखक ठाकुर विजय बहादुर सिंह राठौड़ "आभास" को नेपाल की राजधानी काठमांडू में "मातृभाषा रत्न" अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया। यह गरिमामयी सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नेपाल-भारत मैत्री को सुदृढ़ करना, देवनागरी लिपि के संरक्षण एवं हिंदी-नेपाली जैसी मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना रहा। समारोह में नेपाल, भारत सहित पाँच देशों की लगभग एक हजार साहित्यिक एवं शैक्षिक प्रतिभाओं को विभिन्न मानद उपाधियों से अलंकृत किया गया। इसी क्रम में राठौड़ "आभास" को उनके उल्लेखनीय साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राठौड़ "आभास" लेखक, गायक, मूर्तिकार तथा मंच संचालन व प्रशिक्षण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी 25 साझा काव्य पुस्तकों सहित कहानियाँ, कविताएँ और लेख प्रकाशित हो चुके हैं। वे विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं और पूर्व में भी कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रेरणादायी रचनाकारों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना गौरव का विषय है। उनके शुभचिंतकों एवं साहित्यप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### शुभम राठौर बने न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग परीक्षा में हुआ चयन



**देवास।** जिले के लिए गर्व का विषय है कि देवास निवासी शुभम राठौर ने छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करते हुए न्यायाधीश पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। अध्यापक विमल राठौर ने बताया कि शुभम राठौर, पिता मुकेश राठौर (निज सहायक, जिला न्यायाधीश देवास) के सुपुत्र हैं। उनके दादा कृष्ण राठौर बागली निवासी हैं। परिवार की शिक्षा एवं संस्कारों की समृद्ध परंपरा ने शुभम की इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह उपलब्धि न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। शुभम की इस सफलता पर समाजजनों ने उन्हें एवं उनके परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। शुभम वर्ष 2022 से न्यायाधीश की तैयारी कर रहे थे। कडी मेहनत व लगन के चलते उन्हें 2026 में सफलता प्राप्त हुई। वर्तमान में मप्र उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में जूनियर ज्यूडिशियल ट्रांसलेटर के पद पर कार्यरत है। शुभम बताते है कि उनको ये प्रेरणा उनके पिता जो कि देवास न्यायालय में निज सहायक के पद पर उनसे मिली है। इस सफलता का वे पूरा श्रेय अपने माता-पिता व गुरू राजेश शर्मा इंदौर को देते है। शुभम राठौर की इस सफलता पर परिवारजनों, इष्टमित्रों आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। शुभम राठौर की सफलता यह सिद्ध करती है कि निरंतर परिश्रम, लगन और पारिवारिक संस्कार से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# फाग महोत्सव पर बड़ी संख्या में भक्त निशान लेकर पहुंचे खाटू श्याम मंदिर, भंडारा हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



नेवरी फाटा स्थित खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में रविवार सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा। क्षेत्र के श्याम प्रेमियों ने दिनभर बाबा के दर्शन किए। बाबा का श्रृंगार कर मंदिर प्रांगण को भी फूलों से सजाया गया। वही सोनकच्छ नगर से हजारों की संख्या में लोग निशान लेकर जब नेवरी फाटा धाम पर पहुंचे तो श्याम प्रेमियों का मेला लग गया। खाटू श्याम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा श्याम प्रेमियों का भव्य स्वागत किया गया। भक्तों ने बाबा श्याम के मीठे-मीठे भजनों पर खूब नृत्य भी किया। यात्रा में इत्र, गुलाल और पुष्प वर्षा हुई। बाबा श्याम का भजन आज ब्रज में होली रे रसिया पर खूब आनंद लिया। भक्त नेवरी फाटा चौराहा से मंदिर प्रांगण तक दंडवत प्रणाम करते हुए बाबा की चौखट तक पहुंचे।इसी कड़ी में खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्याम प्रेमियों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रही।

# औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने शहर की शांति भंग करने वाले आठ हुड़दंगी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



एसपी पुनीत गेहलोद ने शहर में अशांति फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 20-21 फरवरी की दरमियानी रात गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर विवाद कर रहे हैं और शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। सूचना की तस्दीक होने पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर हंगामा कर रहे बदमाशों को पकड़ा । जो कि मरने-मारने पर आमदा थे जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन रहा था। पुलिस ने उक्त 08 आरोपियों को धारा 170 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 BNSS के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। सभी अनावेदकों को एसडीएम न्यायालय देवास के समक्ष पेश कर जेल भेजने कि वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल पिता बाबूलाल उम्र 33 वर्ष निवासी क्षिप्रा, अजय उर्फ अज्जु पिता बाबूलाल उम्र 30 वर्ष निवासी क्षिप्रा, अनिल पिता कैलाश लोहानिया उम्र 43 वर्ष निवासी सुकलिया, उमेश पिता विरेन्द्र यादव उम्र 23 वर्ष निवासी जयसिंहनगर, गणेशप्रसाद पिता बाबूलाल गुजलिया उम्र 34 वर्ष निवासी नागदा, राधेश्याम पिता मांगीलाल चौहान उम्र 42 वर्ष निवासी शंकरगढ़, कुंदन पिता रमेश चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी झांझरवाड़ी और कृष्णा पिता रमेश चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी झांझरवाड़ी को गिरफ्तार किया।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकान्त चौरसिया, उनि नरेन्द्र अम्करे, प्रआर जितेन्द्र चौधरी, आर अमित श्रीवास, अजय साल्वे की सराहनीय भूमिका रही।

# भौरासा में कुश्ती दंगल प्रतियोगिता हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा



नगर के अति प्राचीन बाबा भंवरनाथ महाराज के 10 दिवसीय मेले मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। दंगल देखने के लिए बड़ी संख्या में नगर व आसपास के ग्रामीण मेला ग्राउंड पर पहुंचे। दंगल रविवार दोपहर 1:00 बजे से शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। कुश्ती दंगल में पहलवान भूमिका वर्मा उज्जैन संभाग केसरी, पूजा राणा नेशनल मेडल लिस्ट, मंदाकिनी पहलवान उज्जैन,व जेबा मंसूरी देवास, सहित कुश्ती उज्जैन, आष्टा, देपालपुर, आगरा उत्तरप्रदेश, रतलाम, देवास, तराना,महू, खंडवा से पहलवान पहुंचे और कुश्ती लड़ी। निर्णायक की भूमिका मे पहलवान दादू ठाकुर, धर्मेंद्र गेहलोत,लाल सिंह, मदनदास बैरागी, दीपक चंदेल, गौतम माली तराना, तिलकराज, शंभु देवास, अरुण यादव रहे। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, पार्षद सचिन यादव, पार्षद सुरेश मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस सेवा दल ने किया मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम

# भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं कांग्रेस जनों पर हमला: गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




कांग्रेस सेवा दल ने किया मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रमभाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं कांग्रेस जनों पर हमला-गौतमदेवास। कांग्रेस सेवा दल ने रविवार को जवाहर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर मासिक झंडा वंदन का कार्यक्रम सेवादल के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के नेता विपक्ष का मुंह बंद करना चाहते हैं वे चाहते हैं कि विपक्ष पूरी तरह से समाप्त हो जाए। शनिवार को प्रदेश के अनेक कांग्रेस कार्यालयों पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जनों पर हमला किया। कई कांग्रेस जनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रजातंत्र में इस तरह की घटना का कोई स्थान नहीं है। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कभी भी इस तरह का कृत्य नहीं किया जो प्रजातंत्र को कलंकित करें। हमारे पास सेवादल जैसा अनुशासित संगठन है जो कांग्रेस की रीड की हड्डी है। हम महात्मा गांधी के अनुयाई है और सत्य और अहिंसा में भरोसा रखते हुए काम करते हैं। सेवादल ने मासिक झंडा वंदन का जो कार्यक्रम आयोजित किया है वह बहुत ही सराहनीय है। साथ ही सेवा दल के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार ने सेवा दल की जानकारी देते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर राष्ट्रगीत, ध्वज गीत, राष्ट्रगान भी गाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, विक्रम मुकाती, श्रीराम कुमावत, विश्वजीत सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह गौड़, पोपसिंह परिहार, राजेंद्रसिंह बेस, दिलीपसिंह सोलंकी, कैलाश पटेल, हाफिज घोसी, पंकज वर्मा, कल्याण सिंह पवार, गोविंद मालतारे, प्रेम नारायण पटेल, कालूसिंह, लखन लोधी, विकास पटेल, सुभाष यादव, अनिल भाट, गजेंद्र सिंह तोमर, मनीष मंगलेश्वरी, बाबूलाल गुजराती, मदनलाल मुकाती, हाफिज घोसी, बलराम पटेल, धर्मेंद्र पटेल, मलखान सिंह देवड़ा, राकेश पाटीदार, भूपेश पालीवाल, महेंद्र धारू, धर्मेंद्र पटेल, ईश्वरलाल देवानिया, ईश्वर अरोड़ा, राजेश एरावल, प्रहलाद नागर, राजेश देवड़ा, बलराम यादव, सुभाष यादव, राजेश शिप्रा, कालू सिंह, जय प्रकाश मालवीय, विकास पटेल, बाबूलाल गुजराती,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। अंत में आभार अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर ने माना।

# 14 लाख बार राधा नाम लिखकर देवास के नरेश खरे ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




जय प्रकाश नगर, देवास निवासी नरेश खरे ने भक्ति, समर्पण और अद्भुत धैर्य का परिचय देते हुए 14,00,000 बार राधा नाम लिखकर एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें 20 फरवरी 2026 को इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई। इस पूरी यात्रा के दौरान राधा नाम लिखना उनके लिए केवल लेखन नहीं, बल्कि भक्ति और आंतरिक शांति का अनुभव था। उनकी यह साधना समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश देती है कि सच्चा समर्पण ही वास्तविक सफलता की ओर ले जाता है। स्थानीय स्तर पर इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है और क्षेत्रवासियों ने इसे देवास के लिए गर्व का क्षण बताते हुए खरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

## खबर संक्षेप



### शर्मा बने भारत सेवा मंडल व्यायाम शाला के अध्यक्ष

**ललितपुर।** भारत सेवा मंडल व्यायाम शाला में बैठक आयोजित की गई जिसमें समिति का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत नई समिति के गठन पर विचार करते हुए वर्तमान अध्यक्ष राजेश दुबे द्वारा मुकेश शर्मा मानु का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया जिसे समस्त सदस्यों ने करतल ध्वनि एवं हर्ष ध्वनि के साथ सर्वसम्मति सेअनुमोदित किया। मुकेश शर्मा मानू एक ऐसी परंपरा के निर्वाहक बन रहे हैं जो कि नगर ललितपुर का गौरव है। भारत सेवा मंडल व्यायाम शाला की स्थापना सन 1940 में देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तैयार करने के लिए श्री काशीनाथ जी त्रिपाठी (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) द्वारा स्थापित की गई थी। उमानंद हुड्डैत, मोतीलाल जी सेन, छक्की लाल जी भारती, शीलचंद समैया, छक्की लाल जोशी जैसे प्रतिष्ठा प्राप्त समाजसेवियों द्वारा पोषित एवं संचालित व्यायाम शाला का नवीन दायित्व श्री राजेश दुबे के सफल संचालन में आगे बढ़ाते हुए मुकेश शर्मा मानू को सोंपी गई है। इस बैठक में राकेश नामदेव बृजेश चतुर्वेदी महेश राठौर राजेंद्र ताम्रकार, राकेश विश्वकर्मा मुन्ना कुशवाहा रोहित साहू गुलजारी कुशवाहा संजय नायक आशीष पेंथ भोलू कुशवाहा मुन्ना पहलवान आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन कमलेश साहू कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया।

### जातिसूचक गालियां देकर युवक से मारपीट की

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में नहर के पास एक युवक के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम डुंडारिया, थाना पाली निवासी बलराम अहिवार (उम्र करीब 30 वर्ष) ने कोतवाली ललितपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 21 फरवरी 2026 को सुबह करीब 11 बजे अपने भाई के साथ रिश्तेदार राकेश के यहां ग्राम सिंघारी आया हुआ था। इसी दौरान वह रिश्तेदार के साथ गांव में नहर के पास मौजूद था। आरोप है कि तभी गांव का ही संतोष पुत्र प्रभू मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और बिना किसी बात के विवाद करने लगा। जब बलराम ने विरोध किया तो आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी गालियां दीं और अपने साथियों को बुलाकर लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में बलराम को चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि घटना के दौरान उसका छोटा भाई शिवराम बीच-बचाव करने आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे उसे भी चोटें आईं। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने धमकी दी कि यदि वह दोबारा गांव में दिखाई दिया तो जान से मार दिया जाएगा। घटना के बाद पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### प्रवेश आवेदन की तारीख बढ़ी

**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, तरगुवां (तालबेहट) में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 28 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 10 मार्च 2026 को जारी किए जाएंगे, जबकि प्रवेश परीक्षा 15 मार्च 2026 को आयोजित होगी। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का प्रवेश 23 मार्च 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रभारी प्रधानाचार्य ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है। यह जानकारी प्रभारी प्रधानाचार्य जयप्रकाश नारायण ने दी है।

चोरों के हौसले बुलंद, वारदात सीसीटीवी में कैद

# सीओ ऑफिस के नजदीक, श्री विद्या ज्वेलर्स में लाखों रुपए की चोरी हुई

**हरिभूमि न्यूज, ललितपुर।** शहर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं। ताजा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के सदर चौकी सी ओ ऑफिस के निकट मेन रोड का है, जहां अज्ञात चोरों ने तड़के सुबह एक ज्वैलरी दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के आभूषण पार कर दिए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व डीजीसी एड. संतोष गोयल के बगल में स्थित श्रीविद्या ज्वेलर्स, जिसका संचालन नीलू जैन पत्नी पवन कुमार के नाम से होता है, रविवार तड़के करीब सुबह 5 बजे दो अज्ञात चोर शटर के ताले तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखे लाखों रुपये कीमत के आभूषण, पॉलिश बर्तन व अन्य ज्वेलरी समेट कर मौके से फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि दुकान सदर चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर निकल गए। घटना से इलाके के व्यापारियों में दहशत और रोष का माहौल है। दुकान मालिक पक्ष के अनुसार चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें दो संदिग्ध युवक शटर तोड़कर अंदर प्रवेश करते और सामान समेटते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के बीचो-बीच इस तरह की घटना पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े करती है। व्यापारियों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल इस सनसनीखेज चोरी की घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रशनचिन्ह लगा दिए हैं।

ललितपुर पुलिस ने की कार्रवाई

# नाबालिग का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले की कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से संबंधित आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। कोतवाली ललितपुर में पंजीकृत मुकदमा संख्या 1492/2025, धारा 352, 351(3) बीएनएस, 11/12 पॉक्सो एक्ट एवं 67बी आईटी एक्ट से संबंधित मामले में वांछित आरोपी मोहल्ला खिरकापुरा निवासी सजल कुशवाहा पुत्र स्व. दयाराम कुशवाहा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, प्रभारी मिशन शक्ति केन्द्र निरीक्षक हरिनाथ सिंह एवं कोतवाली ललितपुर पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पटाखा विवाद में महिला से मारपीट, आठ नामजद

थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम नया गांव में पटाखा जलाने के विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नया गांव निवासी बबली पत्नी स्व. राम सिंह ने थाना नाराहट में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 फरवरी 2026 की रात चंद्रप्रताप पटाखे जला रहे थे, जिसको लेकर विवाद हुआ। इसके अगले दिन 21 फरवरी को करीब 12 बजे सुरेंद्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह, राजकुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह, चंद्रप्रताप पुत्र सुरेंद्र सिंह, भरत सिंह पुत्र हरपाल सिंह, ब्रजेंद्र सिंह पुत्र गोपवेंद्र सिंह, गोपवेंद्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह, ममता पत्नी सुरेंद्र सिंह तथा मिथलेश पत्नी गोपवेंद्र सिंह निवासी नया गांव उसके घर आए। आरोप है कि सभी लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना नाराहट पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई

# 1320 किलो रंगीन कचरी सीज क्रीम व घी के नमूने इकट्ठा किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

होली पर्व को देखते हुए मिलावटी एवं संदिग्ध खाद्य पदार्थों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जनपद ललितपुर में शनिवार को सघन अभियान चलाया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशों के क्रम में की गई इस कार्रवाई में टीम ने एक प्रतिष्ठान से भारी मात्रा में रंगीन कचरी जब्त करते हुए नमूने संग्रहित किए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सबसे पहले लेडियापुरा आजादपुरा स्थित बबीता पापड़ कचरी उद्योग पर छापा मारा। जांच के दौरान प्रतिष्ठान में संदिग्ध गुणवत्ता की रंगीन कचरी पाई गई, जिस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए रंगीन कचरी का नमूना संग्रहित किया। साथ ही लगभग 1320 किलोग्राम रंगीन कचरी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है, को मौके पर ही सीज कर दिया गया। इसके बाद टीम ने घुसयाना निवासी सौरभ ग्वाला पुत्र जगदीश ग्वाला की निर्माण इकाई पर पहुंचकर निरीक्षण किया। यहां से टीम ने क्रीम एवं घी के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे हैं। अधिकारियों के अनुसार, नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर जनपद में मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा संदिग्ध खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आम जनमानसखाद्य पदार्थ खरीदते समय गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इस अभियान में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलीमुद्दीन तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय, टीम मौजूद रही।

दिल्ली में एआई समिट में अर्धनग्न प्रदर्शन का मामला

# दिल्ली पुलिस ने यूपी युकां महासचिव ऋतिक शुक्ला को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रविवार को उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस के महासचिव ऋतिक शुक्ला उर्फ मोंटी शुक्ला को ललितपुर से हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई से स्थानीय राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, स्पेशल सेल की टीम रविवार को ललितपुर पहुंची और स्थानीय एसओजी के सहयोग से कोतवाली सदर क्षेत्र के नई बस्ती स्थित ऋतिक शुक्ला के आवास पर दबिश दी। टीम ने उन्हें वहीं से हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। हिरासत में लेने के बाद पुलिस टीम ऋतिक शुक्ला को पुलिस लाइन स्थित एसओजी कार्यालय ले गई, जहां उनसे कई घंटों तक पूछताछ की गई। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ पूरी होने के बाद स्पेशल सेल की टीम उन्हें शाम करीब चार बजे दिल्ली लेकर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई भारत मंडपम, दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में की गई है। हालांकि, आधिकारिक स्तर पर विस्तृत बयान का इंतजार है। स्थानीय राजनीतिक हलकों में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है, वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है।



मोन्टी शुक्ला
प्रदेश महासचिव, युवा कांग्रेस

# जनसमस्याओं को लेकर युवा मंच ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर(पाली)

नगर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदीश राय मोनू ने उपजिलाधिकारी निशांत कुमार तिवारी को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि पाली नगर पंचायत क्षेत्र में कई बुनियादी समस्याएँ लंबे समय से लंबित हैं, जिनके कारण आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में सबसे पहले नगर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया गया।

बताया गया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से लगाए गए कई कैमरे काफी समय से बंद पड़े हैं, जबकि शेष कैमरे भी धीरे-धीरे निष्क्रिय होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आपराधिक घटनाओं की आशंका बढ़ रही है तथा किसी घटना की स्थिति में साक्ष्य जुटाने में भी कठिनाई आती है। मांग की गई कि सभी कैमरों की तकनीकी जांच कराकर उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराया जाए। इसके अतिरिक्त नगर के प्रमुख चौराहों पर लगी हाईमास्ट लाइटों के खराब होने की समस्या भी प्रमुखता से उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने से राहगीरों को असुविधा होती है और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। बिजली कटौती के दौरान पूरा नगर अंधेरे में डूब जाता है। इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु प्रमुख स्थानों पर सोलर पैनल आधारित हाईमास्ट या स्ट्रीट लाइटें स्थापित कराने की मांग की गई। सडक़ एवं पुलिया की दयनीय स्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। पाली घटवार एवं पाली बंगरिया मार्ग पर गड्ढा मुक्त योजना के अंतर्गत कार्य तो किया गया, किंतु वर्तमान में सडक़ पर अनेक गड्ढे मौजूद हैं। साथ ही एक पुलिया क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में स्थलीय निरीक्षण कराकर गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने की मांग की गई। नगर क्षेत्र में बिना कियायानामा मकान किराये पर दिए जाने तथा किरायेदारों का सत्यापन न होने का विषय भी उठाया गया।

बुंदेलखंड विकास सेना पृथक प्रांत के लिए होली बाद आंदोलन तेज करेगी

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश के पृथक बुंदेलखंड प्रांत निर्माण की अनदेखी से जनता में रोषः टीटू कपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बुन्देलखण्ड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कंपनी बाग में बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी होली के बाद बु. वि. सेना पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण हेतू अपना आंदोलन तेज करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों मे सदस्यता एवं जनजागरण अभियान चलाएगी । बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि बगैर बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है । होली बाद से आंदोलन को तेज करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर प्रत्येक परिवार से एक सदस्य लेकर बु. वि. सेना का सदस्य बनायेगी। बु.वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि बुन्देलखण्ड वर्षों से सूखा, भुखमरी, बेरोजगारी, उद्योगशून्यता, बिगड़ी हुई स्वास्थ्य सेवाएं, टूटी सड़के, पेयजल समस्या आदि का दंश झेल रहा है और अलग प्रान्त बने बुन्देलखण्ड का विकास सम्भव नहीं है । टीटू कपूर ने कहा कि अभी हाल ही में झांसी यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण पर सवाल पूछे जाने पर चुप्पी साधे जाने पर जनता में रोष व्याप्त है।

# सनातन सांस्कृतिक संघ धार्मिक-सांस्कृतिक और सामाजिक संगठनः हरिप्रिया भार्गव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सनातन संस्कृति संघ धार्मिक सामाजिक संगठन है जिसका उद्देश्य सनातन धर्म, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित, प्रचारित और समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना है। यह संगठन भारत की प्राचीन मोक्षलक्षी धार्मिक परंपराओं, जैसे वैदिक, जैन, बौद्ध और सिख — में अंतर्निहित आध्यात्मिकता और मूल सिद्धांतों को उजागर करने तथा उन्हें व्यक्तियों और समुदायों की रोजमर्रा ज़िंदगी में लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। संघ का मूल लक्ष्य है धर्मो रक्षति रक्षितः, अर्थात धर्म की रक्षा करने से धर्म ही हमारी रक्षा करता है, के आदर्श को जीवन में उतारना। उनकी सोच में ये धार्मिक परंपराएँ केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जीवन दर्शन, नैतिकता और सामाजिक सद्भाव का मार्गदर्शन करती हैं। संघ यह मानता है कि भारत की सांस्कृतिक पहचान उसकी सनातन परंपरा और वैदिक विरासत में निहित है, और इसी पहचान को युवा पीढ़ी तक संप्रेषित करने की ज़रूरत है। संघ सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के कार्य करता है। यह चार प्रमुख मोक्षलक्षी परंपराओं (वैदिक, जैन, बौद्ध, सिख) के अनुयायियों में आपसी सम्मान व संवाद स्थापित करने की दिशा में काम करता है, ताकि एक समरस, भाईचारे वाला समाज बन सके। इसके अलावा संघ ग्रामीण स्तर पर विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी अभियान चलाता है। संगठन जैसी पहलों के माध्यम से ग्रामीण जीवन को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करता है। संघ समय-समय पर सनातन एकता यात्रा जैसे बड़े आंदोलन और यात्राएँ आयोजित करता है, जिनका उद्देश्य भारत में सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित करना और उसे नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। इन अभियानों में वैदिक, बौद्ध, जैन और सिख परंपराओं की एकता का संदेश दिया जाता है तथा लाखों लोगों को शामिल होने का आमंत्रण मिलता है। हरिप्रिया भार्गव इस संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनका मानना है कि भारत की संस्कृति ही उसकी आत्मा है और यही संस्कृति देश के समाज, युवा और भावी पीढ़ियों को मजबूत और आत्म-निर्भर बनाएगी।

# पं. सुखदेव तिवारी ने पत्रकारिता को बनाया समाजसेवा का माध्यमः बबेले




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद के मूर्धन्य पत्रकार एवं साहित्यकार सुखदेव तिवारी जी की पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पूने की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने तिवारी के जनपद के प्रति उल्लेखनीय योगदान, उनकी सादगीपूर्ण जीवनशैली, जरूरतमंदों की सहायता तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनकी सक्रिय भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ने कहा कि तिवारी जी ने पत्रकारिता को समाजसेवा का माध्यम बनाया और सदैव निष्पक्ष व निर्भीक लेखनी से जनहित के मुद्दे उठाए। इस अवसर पर जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनशाला में जरूरतमंदों को भोजन कराकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान उनके पुत्र वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी नीलू एवं नाती वरुण तिवारी सहित उपस्थित पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में संरक्षक पवन संज्ञा, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, अजय जैन बरया, दिनेश कुमार संज्ञा, उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, अजय तोमर, अमित संज्ञा, शिब्बू राठौर, संजू श्रोती, आलोक चतुर्वेदी, शुभम पस्तोर खडेरा, बलराम पचौरी, प्रदीप रिछारिया, राजेश राठौर, कृष्णकांत सोनी, अजितेश जैन भारती, विनोद मिश्रा, श्याम दीक्षित एवं राममूर्ति तिवारी सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

श्री हनुमान धारा मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन

# सुदामा चरित्र सुनकर श्रद्धालुओं की आंखों से छलके आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्री हनुमान धारा मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास राधा मोहन दास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। महामंडलेश्वर ने सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन किया, जिसमें माता देवकी के आग्रह पर उनके छह पुत्रों को वापस लाने की लीला, सुभद्रा हरण प्रसंग तथा सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन किया गया। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता कैसी होनी चाहिए, यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी से सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। द्वार पर द्वारपालों ने उन्हें भिक्षुक समझकर रोक दिया, लेकिन जब सुदामा ने स्वयं को कृष्ण का मित्र बताया तो द्वारपालों ने अंदर जाकर सूचना दी। जैसे ही प्रभु ने सुदामा नाम सुना, वे भावुक होकर द्वार की ओर दौड़े और अपने सखा को गले से लगा लिया। दोनों की निष्कपट मित्रता देखकर सभा में उपस्थित सभी लोग अचंभित रह गए। भगवान ने सुदामा को राजसिंहासन पर बैठाकर उनका सम्मान किया और कुबेर समान ऐश्वर्य प्रदान किया। कथा में कहा गया कि जब-जब भक्तों पर संकट आता है, प्रभु अवश्य उनका उद्धार करते हैं। प्रातःकाल महामंडलेश्वर राधा मोहन दास महाराज ने गोलोकवासी महंत गोपी दास महाराज की प्रतिमा का अभिषेक, तिलक, वस्त्र एवं पुष्पमाला अर्पित कर विधिवत पूजन किया। कथा प्रारंभ होने से पूर्व उनके चित्र पर माल्यार्पण कर यजमानों एवं भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं आचार्य पंडित कमलेश शास्त्री एवं पंडित रामानुज मिश्रा ने आवाहित देवी-देवताओं का विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। मुख्य यजमान श्यामकांत चौबे एवं वंदना चौबे ने पूजन किया। कार्यक्रम में हरिकृष्ण शुक्ला, कमलेश पांडे (बांदा), अजय तिवारी नीलू, मयंक बैन, माधव चौबे, राजीव बबेले सप्पू, टिंकल हुण्डैत, अनूप मोदी, राजेश दुबे (डीजीसी), राजेश हवाई, हरिशंकर साहू, भरत रावत, शत्रुघ्न शुक्ला, संग्राम ग्वाला, संजू, श्रुति, राजेंद्र बाजपेई, गिरीश पाठक, सोनू पार्षद, सोनू राठौर, विवेक सडैया, संदीप कटारे, गजेंद्र राजपूत, अभिषेक यादव, संदीप मिश्रा, सुशील शुक्ला, अर्पित मिश्रा, अजय पटेरिया (इंजीनियर), संदीप तिवारी, प्रशांत शुक्ला, प्रियंक वैद्य, शिवम तिवारी, हर्ष चौबे, आलोक चतुर्वेदी, बृज बिहारी चतुर्वेदी, नीलम तिवारी, राममूर्ति तिवारी, इंद्रेश तिवारी, हरेंद्र राजा, मनीष दुबे, अभिषेक दुबे, रमाकांत दुबे, रितु शर्मा, नीरज गंगेले, गोपाल दुबे, रघु पांचाल, बिरधा, कमलेश चतुर्वेदी एवं प्रदीप चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन हुआ, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

# जिले भर में 14 हजार 140 दिव्यांग व 1 लाख 12 हजार 803 मतदाता सूची में सम्मिलित

**कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की अंतिम निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले में निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने की। बैठक में आयोग द्वारा जारी विभिन्न पत्रों के निर्देशों के क्रम में 21 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी (फोटो सहित) में उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की सफल क्रियान्विति में सहयोग प्रदान करने हेतु सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त करते हुए निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी की अपील की।



#### अधिकृत स्थानों पर अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली का कर सकते हैं अवलोकन

बैठक में बताया गया कि आमजन अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली का अवलोकन अपने संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय अथवा अधिकृत स्थानों पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त फोटो सहित अंतिम मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

#### अंतिम प्रकाशित सूची के अनुसार जिले में 14140 दिव्यांग मतदाता हैं दर्ज

जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 से 20 फरवरी 2026 तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों के निराकरण के उपरांत कुल 16,839 मतदाताओं के पंजीयन, 2,554 नामों के विलोपन तथा 7,504 प्रविष्टियों में संशोधन किए गए हैं। इस प्रकार आज की स्थिति में कुल 1,12,803 मतदाता सूची में सम्मिलित हैं। अंतिम प्रकाशित सूची के अनुसार जिले में कुल 14,140 दिव्यांग मतदाता दर्ज हैं। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी (फोटो सहित) में उपलब्ध कराई गई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह गया हो तो वे निर्धारित प्रपत्र-6 के माध्यम से आवेदन करें। नाम विलोपन हेतु प्रपत्र-7 तथा प्रविष्टि में संशोधन हेतु प्रपत्र-8 का उपयोग किया जाए। विशेष रूप से ऐसे नागरिक जो 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उन्हें सूची में सम्मिलित कराने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया।

### मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान हो गई मृत्यु

# हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पड़ाना गांव में पूर्व में हुई मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद मामला गरमा गया है। रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। ज्ञापन में मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने तथा आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी अनुसार 1 नवंबर 2025 को ग्राम पड़ाना निवासी निवासी कमल सिंह मरमट के साथ मारपीट की घटना हुई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी।

आरोप है कि घटना के बाद से आरोपी पक्ष द्वारा लगातार परिवार को धमकाया जा रहा था। घायल का इलाज इंदौर में चल रहा था, बाद में हालत बिगड़ने पर सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद लगभग 2 घंटे पीएम हाउस के बाहर परिजनों ने हंगामा किया। इस दौरान तहसीलदार आकाश शर्मा थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने समझाइश दी लेकिन नहीं माने, उसके बाद युवक के परिजन सहित संगठन के लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की है कि दर्ज प्रकरण में हत्या की धारा तथा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराएं जोड़ी जाएं और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उपचार में हुए खर्च की प्रतिपूर्ति, दोनों बच्चों को निःशुल्क उच्च शिक्षा, परिवार को कृषि योग्य भूमि आवंटन, एक सदस्य को शासकीय नौकरी तथा एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि परिवार ने इलाज के लिए निजी जमीन बेच दी थी, जिसे बहाल कराने की मांग की गई है। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

### राजस्व और पुलिस टीम की दबिश, चालक वाहन छोड़कर फरार

# अवैध रेत परिवहन पर सख्ती, संयुक्त कार्रवाई में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सुठालिया क्षेत्र में लगातार जारी अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ शनिवार को प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए संयुक्त कार्रवाई की। राजस्व विभाग और पुलिस की टीम ने सीलखेड़ा के पास दबिश देकर अवैध रेत परिवहन करने तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों ने टीम को आते देख ट्रैक्टर मौके पर ही छोड़ दिए और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर सुठालिया तहसीलदार दोजीराम अहिरवार के नेतृत्व में थाना प्रभारी अनिल राहोरिया एवं राजस्व-पुलिस बल मौके पर पहुंचा। टीम ने सिलखेड़ा मार्ग पर घेराबंदी कर रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली रोके और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। वैध अनुमति पत्र नहीं मिलने पर तीनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई।



क्षेत्र के सेमलापार गांव के पास पार्वती नदी में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें मिल रही हैं। बताया जा रहा है कि यहां पोकलेन मशीनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है, जिससे नदी के प्राकृतिक स्वरूप को नुकसान पहुंच रहा है।

## दुकान के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद, युवक से मारपीट

**ब्यावरा**। शहर के नगरपालिका कॉम्प्लेक्स में गुरुवार सुबह दुकान के सामने मोटरसाइकिल खड़ी करने की बात पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी हरिओम वर्मा (32) निवासी मातामंड मोहल्ला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि उसकी नगरपालिका कॉम्प्लेक्स में मोटरसाइकिल सीट कवर की दुकान है। उसके बगल में स्थित एक दुकान पर गोलू जाटव मोटरसाइकिल मैकेनिक का काम करता है। 20 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे गोलू जाटव ने अपनी मोटरसाइकिल हरिओम की दुकान के सामने खड़ी कर दी। इस पर हरिओम ने बाइक हटाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि गोलू जाटव ने गाली-गलौज करते हुए हाथ में पहने कड़े से और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी, जिससे हरिओम के दाहिने कान के और सिर में चोट आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कालीपीठ में जागरुकता चौपाल का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, युवा विकास मंडल संस्था के संयुक्त प्रयास से जिला प्रशासन द्वारा जिले के चार ब्लाक राजगढ़, खिलचीपुर, ब्यावरा व नरसिंहगढ़ के 80 गांवों में भ्रमण कर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीणजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं सामाजिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई तथा सभी को बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान के दौरान जिले में लगभग 4 हजार ग्रामीणजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक किया गया, तत्पश्चात शनिवार को कालीपीठ में जागरूकता चौपाल का आयोजन कर बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं जागरूकता रथ अभियान का समापन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों को बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई।



## झगड़ा-नातरा कुप्रथा से जुड़े प्रकरण में फरार दो आरोपित गिरफ्तार

**ब्यावरा**। जिले में झगड़ा-नातरा कुप्रथा से संबंधित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत सिटी थाना पुलिस ने झगड़ा-नातरा कुप्रथा के पंजीबद्ध एक प्रकरण के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी थाना ब्यावरा शहर वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि सिटी थाना की टीम ने पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष प्रयास किए गए, जिनमें महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस कार्रवाई में धारा 308(5), 324(4),351(3), 3(5) बीएनएस के फरार आरोपी भगवान सिंह गुर्जर पिता रोडजी गुर्जर उम्र 45 साल निवासी ग्राम सागोरिया थाना मृगवास जिला गुना, हरिराम गुर्जर पिता भगवान सिंह गुर्जर उम्र 25 साल निवासी ग्राम सागोरिया थाना मृगवास जिला गुना को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किए गए, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## मानसिक दिव्यांगजनों हेतु जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 25 को

**ब्यावरा**। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मानसिक दिव्यागजनों हेतु जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 25 फरवरी को प्रातः 10 बजे से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर राजगढ़ में किया जाएगा। शिविर में मानसिक दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) बनाए जाएंगे, मानसिक दिव्यांगजनो को आवश्यक दस्तावेज जैसे - आधार कार्ड, समग्र आई डी, 2 पासपोर्ट साइज फोटों के साथ लाना है। उक्त विशेष शिविर में मानसिक दिव्यांगजनों को जिला स्तर पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) जारी करवाए जा सके। साथ ही शिविर में अधिक से अधिक मानसिक दिव्यांगजन उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें और कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। उक्त विशेष शिविर का आयोजन केवल मानसिक दिव्यागजनों हेतु ही किया जा रहा हैं। अतः शिविर में केवल मानसिक दिव्यांगजन ही उपस्थित हो अन्य दिव्यांगजन न आए जिससे उनको अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पहले बोवनी वाले गेहूं-चना में बारिश से नुकसान, किसान बोले क्वालिटी खराब होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बेमौसम बारिश और तेज हवा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है, जिससे गेहूं और चना जैसी फसलों को नुकसान पहुंचा है। गुरुवार रात हल्की बूंदाबांदी हुई, वहीं गुरुवार रात मध्यम बारिश दर्ज की गई।

बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है। दिन में भी लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से यह मौसमी बदलाव हुआ है। शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे दोपहर तक सूरज नहीं निकला।

अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हालांकि, आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए : सुमन

**ब्यावरा**। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर कोई रोक नहीं है और राज्य सरकार चाहे तो अंतरिम आदेश के अनुरूप इसे लागू कर सकती है। अब देरी का कोई बहाना नहीं बचा है। जब ओबीसी वर्ग की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है और सेवाओं में उनका प्रतिनिधित्व केवल 13.8 प्रतिशत है, तो यह साफ तौर पर सामाजिक न्याय का गंभीर सवाल है। 2019 में कांग्रेस सरकार द्वारा लिए गए 27 प्रतिशत आरक्षण के निर्णय को वर्षों तक लागू न करना और हजारों पदों को होल्ड पर रखना लाखों युवाओं के अधिकारों से खिलवाड़ है। सुरेश सुमन पूर्व प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग ब्यावरा ने मध्य मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि राजनीति छोड़कर तुरंत 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करना चाहिए। समान अवसर और न्याय कोई कृपा नहीं, संवैधानिक अधिकार है। मेरा मुख्यमंत्री से निवेदन है कि वे तत्काल प्रभाव से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कर ओबीसी वर्ग के बच्चों को न्याय दें।




# गोवंश खा रही दरबदर की ठोकर, गोसेवक कर रहे गोशाला के लिए भूमि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नगर में गोशाला न होने के कारण गोवंश की दुर्दशा दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। सेवक तो बहुत हैं परंतु जब जब सेवकों ने शासन प्रशासन से गोशाला भूमि की मांग की है तब तब उनको आश्वासन ही मिला है। यह आश्वासन लंबे अंतराल से चलता ही आ रहा है। गोवंश को आवारा कुत्ते नोच नोच कर खा रहे हैं। ऐसी दुर्दशा गायों की इस समय हो रही है। गो सेवकों ने कुछ दिन पहले नगर परिषद कार्यालय के सामने मृत गोवंश को रखकर गोवंश के आशियाने के लिए भूमि आवंटित करने की मांग तथा गौशाला बने ऐसा प्रस्ताव रखा था परंतु फिर से उन गौ सेवाको को आश्वासन देकर बात को ठंडे बस्ते में डाल दिया कब होगी सुनवाई इन बेसहारा गोवंश के की कब मिलेगा इनको रहने का आशियाना जब जब चुनाव आते हैं तब तब गोवंश का मुद्दा प्रथम श्रेणी में आता है चुनाव में वोट मांगने के लिए बड़ी-बड़ी बातें कर वोट बटोर लेते हैं चुनाव में रहते हैं कि हम गोवंश के लिए सबसे पहले प्रमुखता के साथ कार्य करेंगे सबसे पहले प्रथम गौशाला का निर्माण करेंगे कहां गई वह बड़ी-बड़ी बातें कुर्सी पर बैठने के बाद बातें हैं इन बातों का क्या ऐसी कहावत बन जाती है अब कौन मसीहा इन गोवंशों के लिए आशियाने की बात प्रमुखता के साथ रखें और शासन प्रशासन इस और ध्यान दें ताकि में भटकती गो वंश के लिए कोई एक आशियाना बना सके।



### सामाजिक न्याय दिवस पर सशक्त वाहिनी की बालिकाओं को मार्गदर्शन मिला

# सशक्त वाहिनी की कक्षा में प्रधान मजिस्ट्रेट ने बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण सुझाव दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस कण्ट्रोल रूम में संचालित सशक्त वाहिनी की कक्षा में एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधान मजिस्ट्रेट अपूर्वा पाठक ने उपस्थित होकर बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा न्यायिक सेवाओं की परीक्षाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बालिकाओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता अनिमेष तिवारी ने एलएलबी पाठ्यक्रम विधि शिक्षा के महत्व एवं न्यायिक क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बालिकाओं को विधि क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आवश्यक योग्यताओं एवं तैयारी की रूपरेखा समझाई। महिला एवं बाल विकास विभाग से संतोष रघुवंशी ने सशक्त वाहिनी की कक्षाओं की गतिविधियों, उद्देश्य एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सशक्त वाहिनी के माध्यम से बालिकाओं को शैक्षणिक मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और मार्गदर्शन का लाभ उठाया। यह आयोजन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

#### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 14 मरीजों को राहत

**विदिशा**। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से जिले के 14 गंभीर व जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कलेक्टर कार्यालय द्वारा स्वीकृत 10 हजार से 50 हजार रुपए तक की राशि ई-पेमेंट के माध्यम से सीधे संबंधित अस्पतालों के खातों में अंतरित की गई। यह सहायता आरोग्य निधि हॉस्पिटल भोपाल, बैरसिया जनरल हॉस्पिटल, अरेरा हॉस्पिटल एंड कैथ लैब सहित अन्य अस्पतालों में उपचाररत मरीजों को मिली। कोषालय से यूटीआर नंबर के जरिए पारदर्शी भुगतान किया गया।

#### बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं पर मार्गदर्शन


**विदिशा**। अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सशक्त वाहिनी कक्षा में मार्गदर्शन सत्र आयोजित हुआ।

## कलेक्टर गुप्ता ने आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को जिला आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने राजसात वाहनों की स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को अवैध शराब परिवहन में राजसात वाहनों की शीघ्र नीलामी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभिलेखों को वर्षवार व्यवस्थित कर बस्ता बनाकर रखने और प्रत्येक बस्ते में सूची संलग्न करने को कहा। अलमारियों में रखे अभिलेखों व पंजियों की सूची बाहर चस्पा करने, सुरक्षा की दृष्टि से ताला लगाने तथा अनुपयोगी उपकरणों को राइट ऑफ करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कर्मचारियों के नाम, पदनाम व मोबाइल नंबर सहित नेम प्लेट लगाने तथा अनुकंपा नियुक्त सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को निर्धारित समय में सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए।



#### देवकीनंद ठाकुर 10 मार्च को विदिशा आएंगे



**विदिशा**। वृंदावन के संत देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज 10 मार्च को सुबह 9 बजे माधवगंज में आयोजित विराट धर्मसभा को संबोधित करेंगे। धर्मसभा के पश्चात बागेश्वर धाम सरकार के आशीर्वाद से अखंड हिंदू राष्ट्र और सनातन एकता के उद्घोष के साथ विदिशा से बालाजी धाम मेहगांव तक सनातन एकता यात्रा प्रारंभ होगी। आयोजक हिंद प्रहरी संगठन ने धर्मप्रेमी बंधुओं से धर्मसभा एवं पदयात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## ग्राम पंचायत लायरा में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**कुरवाई**। तहसील कुरवाई की ग्राम पंचायत लायरा में संकल्प से समाधान अंतर्गत राजस्व सेवा शिविर आयोजित हुआ। एसडीएम मनीष जैन के नेतृत्व में ग्रामीणों की नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, खसरा नकल, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, रास्ता विवाद व अतिक्रमण संबंधी समस्याएं सुनी गईं। मौके पर बी-1 वाचन और फार्मर रजिस्ट्री भी बनाई गई। बिजली बिल व ट्रांसफार्मर समस्याओं का निराकरण किया गया।